Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स बिहार

## दिसंबर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम

## बिहार


- बिहार में राजगीर महोत्सव की हुई शुरुआत 3
- बिहार की ज्योति सिन्हा को मिला श्रेष्ठ दिव्यांगजन का राष्ट्रीय पुरस्कार 4
- बिहार में पंचायत उप-चुनाव के लिये तारीखों का हुआ ऐलान 5
- बिहार में 13 दिसंबर से दो दिन का वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 6
- देश में पहली बार ट्रांसजेंडर को बनाया पटना यूनिवर्सिटी में सीनेट सदस्य 7
- बिहार के अभय कुमार का तीसरी बार गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज 7
- गया के पटवा टोली के बुनकरों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'वीवर्स ऑफ होप' ने जीता यूनेस्को पुरस्कार 8
- नीति आयोग के एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले का आंदर ब्लॉक शीर्ष पर 9
- 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री 10
- मुख्यमंत्री ने बिहटा में 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' की इकाइयों का किया उद्घाटन 11
- मुख्यमंत्री ने किया केसरिया स्तूप के मार्गीय सुविधा केंद्र सह कैफेटेरिया का उद्घाटन 13
- मुख्यमंत्री ने पुनौराधाम परिसर के विकासात्मक कार्यों का किया शिलान्यास 14
- बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में 50,530 करोड़ रुपए के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर 15
- बिहार में अब कॉमर्शियल वाहनों में डिवाइस लगाना हुआ अनिवार्य 17
- मुख्यमंत्री ने नवादा में गंगाजल आपूर्ति योजना का किया लोकार्पण 17
- बिहार में बनेगें तीन नए औद्योगिक क्षेत्र 19
- बिहार के सारण में डेढ़ करोड़ घरों को मिलेगा निशुल्क इंटरनेट कनेक्शन 20
- बासुकीनाथ झा को मिला साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 21
- मुख्यमंत्री ने बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 का किया उद्घाटन 21
- 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 की हुई घोषणा 22
- नई पर्यटन नीति 22
- बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंज़ूरी 23
- अवैध रेत खनन 23
- वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या में वृद्धि 24


**नोट :**

# बिहार

## बिहार में राजगीर महोत्सव की हुई शुरुआत

### चर्चा में क्यों ?

30 नवंबर, 2023 को बिहार में राजगीर महोत्सव की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन बिहार के वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया।






### प्रमुख बिंदु

- पर्यटन विभाग एवं ज़िला प्रशासन नालंदा के सौजन्य से राजगीर महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर, 2023 के बीच स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में किया जा रहा है।
- इस अवसर पर महिला महोत्सव, व्यंजन मेला, पुस्तक मेला, विभिन्न खेल प्रतियोगिता, दंगल प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विभिन्न विभागों के स्टॉल, विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम में मगध कला सांस्कृतिक केंद्र की तरफ से भागीरथ की गंगा नृत्य नाटिका, ऐश्वर्य निगम, दीपाली सहाय का सिंगिंग कार्यक्रम होगा।
- इस महोत्सव के अवसर पर 7 दिवसीय ग्राम श्रीमेला का आयोजन 6 दिसंबर, 2023 तक होगा।
- विदित है कि वर्ष 1986 में राजगीर महोत्सव की शुरुआत की गई थी।

## बिहार की ज्योति सिन्हा को मिला श्रेष्ठ दिव्यांगजन का राष्ट्रीय पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

3 दिसंबर, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में बिहार के मुजफ्फरपुर की ज्योति सिन्हा को 'श्रेष्ठ दिव्यांगजन' के राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिये विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान के लिये 21 व्यक्तियों और 9 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 प्रदान किया।
- 70% मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बिहार की ज्योति सिन्हा को मधुबनी पेंटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये कला और संस्कृति के क्षेत्र में श्रेष्ठ दिव्यांगजन की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है।
- विदित हो कि केंद्र सरकार ने 1969 में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के रूप में उत्कृष्ट दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की एक योजना को मंज़ूरी दी थी। ये पुरस्कार दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर जनता का ध्यान केंद्रित करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किये गए हैं।
- राष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को उत्कृष्ट दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये काम करने वाले व्यक्तियों/संगठनों को 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' पर प्रदान किये जाते हैं।
- वर्ष 2023 के लिये विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों के तहत गए हैं-

  I. विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023-व्यक्तिगत उत्कृष्टता
- सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन
- श्रेष्ठ दिव्यांगजन
- लोकोमोटर चुनौती - (लोकोमोटर, मांसपेशीय चुनौतियाँ, बौनापन, एसिड अटैक विक्टिससुश्री, कुष्ठ रोग से उबरे हुए, सेरेब्रल पाल्सी)
- दृश्य हानि - (अंधापन, कम दृष्टि)
- श्रवण हानि (बहरा, सुनने में कठिनाई, बोलने और भाषा की चुनौती)
- बौद्धिक विकलांगता (मानसिक मंदता, मानसिक व्यवहार, विशिष्ट सीखने की चुनौती, ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम विकार)
- उपरोक्त उल्लिखित विकलांगताओं को छोड़कर कोई भी निर्दिष्ट विकलांगता।
  - श्रेष्ठ दिव्यांग बाल/बालिका
  - सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति - दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये कार्यरत
  - सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर (पुनर्वास पेशेवर/कार्यकर्ता) - दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत

नोट :

II. दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में लगे संस्थानों के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार-2023

- दिव्यांग सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (निजी संगठन, एनजीओ)
- दिव्यांगों के लिये सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता - (सरकारी संगठन/पीएसई/स्वायत्त निकाय/निजी क्षेत्र)
- सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन/बाधामुक्त परिवेश के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/यूटी/ज़िला
- सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन/सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (सरकारी/निजी संगठन)
- दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम/यूडीआईडी एवं दिव्यांग सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/यूटी/ज़िला
- दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अपने राज्य में कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त
- पुनर्वास पेशेवरों के विकास में संलग्न सर्वश्रेष्ठ संगठन

## बिहार में पंचायत उप-चुनाव के लिये तारीखों का हुआ ऐलान

### चर्चा में क्यों ?

4 दिसंबर, 2023 को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत के उप-चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया। राज्य में पंचायत के कुल 1675 पदों के लिये उप-चुनाव होंगे।

### प्रमुख बिंदु

- राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किये गए अधिसूचना के तहत मतदान की तारीख 28 दिसंबर को निर्धारित की गई है, जबकि नामांकन 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक होगी।
- नामांकन पत्रों की जाँच 16 दिसंबर को होगी, जबकि नामांकन-पत्र वापस लिये जाने की अंतिम तारीख 20 दिसंबर निर्धारित की गई है।
- पंचायत उप-निर्वाचन के अंतर्गत ज़िला परिषद सदस्य, ग्राम पंचायत मुखिया, ग्राम कचहरी सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य और ग्राम कचहरी पंच पद के लिये चुनाव होंगे।
- ज़िला परिषद सदस्य के लिये 4 पद, ग्राम पंचायत मुखिया के लिये 21, ग्राम कचहरी सरपंच के लिये 36, पंचायत समिति सदस्य के लिये 20, ग्राम पंचायत सदस्य के लिये 353 और ग्राम कचहरी पंच के लिये 1241 पदों हेतु चुनाव होंगे।
- 28 दिसंबर को मतदान होंगे, जो सुबह के 7 बजे से शुरू होकर शाम के 5 बजे तक चलेगा। 30 दिसंबर की सुबह 8 बजे से मतगणना होगी।
- विदित हो कि पिछली बार पंच सहित अन्य रिक्त पदों के लिये 2022 में उप-चुनाव हुआ था।



## बिहार में 13 दिसंबर से दो दिन का वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन

### चर्चा में क्यों ?

5 दिसंबर, 2023 को बिहार के उद्योग विभाग के मंत्री समीर महासेठ तथा सूचना जनसंपर्क मंत्री संजय झा ने मीडिया को बताया कि उद्योग विभाग द्वारा 13-14 दिसंबर, 2023 को पटना के ज्ञान भवन में 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023... एक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन' (Bihar Business Connect-2023 : A Global Investors' Summit) का आयोजन किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- इस सम्मेलन में देश-विदेश और प्रदेश के 600 से अधिक उद्यमियों के शामिल होने की संभावना है।
- उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, ढाका (बांग्लादेश), दुबई (यूएई), ताइवान और जापान में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किया गया और वहाँ के निवेशकों को बिहार में निवेश तथा बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया।
- देश के सात बड़े औद्योगिक शहरों- नई दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, बंगलुरू, चेन्नई, तिरुप्पुर और कोलकाता में रोड शो आयोजित किया गया।
- बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में 22 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया हैं। उनमें से मुख्य रूप से यूएसए, ज़र्मनी, हंगरी, यूएई, हॉन्गकॉन्ग, जापान, ताइवान, बांग्लादेश, वियतनाम, रूस, थाईलैंड जैसे देश हैं।
- अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 के पहले दिन प्राथमिकता
- वाले चार उद्योगों (टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम और जनरल मैन्यूफैक्चरर) पर चर्चा होगी, जिसमें भाग लेने के लिये सात मंत्रियों को आमंत्रित किया गया हैं।
- दूसरे दिन मुख्य सत्र का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रिगण शामिल होंगे। दोनों दिन उद्यमियों के साथ बी-टू-बी बैठक का आयोजन किया जाएगा।




नोट :

## देश में पहली बार ट्रांसजेंडर को बनाया पटना यूनिवर्सिटी में सीनेट सदस्य

### चर्चा में क्यों ?

6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ट्रांसजेंडर रेशमा प्रसाद को पटना विश्वविद्यालय के सीनेट का सदस्य मनोनीत किया है।

### प्रमुख बिंदु

- रेशमा प्रसाद देश के किसी विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य बनने वाली पहली ट्रांसजेंडर हैं।
- उनका मनोनयन तीन वर्षों के लिये किया गया है।
- रेशमा प्रसाद के सीनेट का सदस्य होने पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ट्रांसजेंडर की समस्याएँ सामने आ सकेंगी।
- राजधानी पटना की निवासी रेशमा प्रसाद अपनी सामाजिक संस्था दोस्ताना सफर के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिये वर्षों से कार्य कर रही हैं।
- उन्हीं के प्रयास से पटना के खगौल में केंद्र सरकार ने ट्रांसजेंडर्स के लिये गरिमा गृह की स्थापना की है, जहाँ आश्रयविहीन ट्रांसजेंडर्स रहती हैं।




## बिहार के अभय कुमार का तीसरी बार गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज


### चर्चा में क्यों ?

6 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के वैशाली ज़िले में देसरी प्रखंड के गाजीपुर निवासी अभय कुमार ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ते हुए तीसरी बार अपना नाम गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाया है।

### प्रमुख बिंदु

- रिकॉर्ड की सफलता के बाद गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अभय कुमार को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इसके अलावा उन्हें गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड न्यूज के लिये भी चुना गया।

- इसके लिये उन्होंने कंप्यूटर द्वारा रेंडमाइज किये हुए 10 हज़ार वर्षों के 19 कैलेंडर तिथियों का जवाब 1 मिनट में देकर अपने द्वारा ही बनाए गए 1 मिनट में 10 हज़ार वर्षों के 16 कैलेंडर तिथियों के जवाब देने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- इससे पहले भी अभय कुमार ने विभिन्न 91 देशों के पासपोर्ट को 1 मिनट में पहचान कर रिकॉर्ड बनाया है।
- अभय छात्रों के मेमोरी पॉवर 'स्मृति सुधार' को बढ़ाने तथा विषयों के तथ्यों को कम समय पर याद करने एवं ज्यादा समय तक याद रख पाने के लिये विशेष तकनीकों को ऐप-एस्पिरेंट जेट एवं एस्पिरेंट जेट डॉट कॉम वेबसाइट के माध्यम से कक्षा-5 से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं।
- अभय कुमार स्कूल-कॉलेजों के आमंत्रण पर सेमिनार में भाग भी लेते हैं। अभय के मुताबिक उनका लक्ष्य है, 2030 तक सभी माध्यमों से 10 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षित मेमोरी और पढ़ाई तकनीक में प्रशिक्षण प्रदान करना है।




## गया के पटवा टोली के बुनकरों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'वीवर्स ऑफ होप' ने जीता यूनेस्को पुरस्कार

### चर्चा में क्यों ?

7 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार गया के निकट पटवा टोली के बुनकरों के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'वीवर्स ऑफ होप' को यूनेस्को की तरफ से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- फिल्म के निर्देशक शिंजन चटर्जी ने बताया कि यह डाक्यूमेंट्री फिल्म गया के निकट पटवा टोली के बुनकरों के जीवन पर आधारित है।
- विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रतियोगिता यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाईजेशन (यूनेस्को) और कामनवेल्थ मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सीईएमसीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी।
- डॉक्यूमेंट्री फिल्म को नकद पुरस्कार के साथ विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- फिल्म निर्माण में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के मास कम्युनिकेशन और मीडिया विभाग के छात्रों ने अपना अहम योगदान दिया।
- फिल्म निर्माण में मीडिया विभाग के शिवम भदानी, शिंजन चटर्जी, तूबा रहमान, प्रगति कुमारी, मेघा कुमारी, अदिति सिंघल, ऋचा कुमारी, दीक्षित सिंह और शीलू रागिनी थे।

नोट :



## नीति आयोग के एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले का आंदर ब्लॉक शीर्ष पर

### चर्चा में क्यों?

7 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग द्वारा घोषित एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग में जोन 6 में शामिल पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले के आंदर ब्लॉक को शीर्ष स्थान मिला है।

### प्रमुख बिंदु

- एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग में तेलंगाना के आसिफाबाद के तिरियानी कुमुरम भीम ब्लॉक को पहला और उत्तर प्रदेश के कौशांबी ज़िले के कौशांबी ब्लॉक को दूसरा स्थान मिला।
- ब्लॉकों को भौगोलिक दृष्टि से छह जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन से दो ब्लॉकों को रैंकिंग दी गई है।
    - जोन 1, जिसमें पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ द्वीप भी शामिल हैं, में पहले और दूसरे स्थान पर क्रमशः अमरी ब्लॉक (पश्चिम कर्बी आंगलोंग, असम) और नगोपा ब्लॉक (सैतुअल, मिजोरम) रहे।
    - जोन 2, जिसमें उत्तर भारतीय राज्य शामिल हैं, में उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िले के हर्रैया ब्लॉक ने पहला और गाजीपुर ज़िले के विरनो ब्लॉक ने दूसरा स्थान हासिल किया।
    - दक्षिणी राज्यों वाले जोन 3 में, मस्की ब्लॉक (रायचूर, कर्नाटक) और नारनूर (आदिलाबाद, तेलंगाना) को शीर्ष रैंकर घोषित किया गया।
    - पश्चिमी भारतीय राज्यों में, जिसमें जोन 4 शामिल हैं, महाराष्ट्र के गढ़चिरोली ज़िले में सिरोंचा और अहेरी ब्लॉक विजेता बनकर उभरे।
    - जोन 5 के तहत मध्य भारत में मध्य प्रदेश के धार ज़िले का तिरला ब्लॉक और बड़वानी ज़िले का पाट ब्लॉक विजेता रहे।
    - जोन 6 में शामिल पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले का आंदर और झारखंड के दुमका में रामगढ़ शीर्ष स्थान पर रहे।

नोट :

- सभी श्रेणियों में विजेताओं को शीर्ष रैंक के लिये 1.5 करोड़ रुपए और दूसरे रैंक के लिये 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।
- ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना ब्लॉकों के प्रदर्शन और जून, 2023 के महीने में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की गई।
- केपीआई के आधार पर ब्लॉकों की रैंकिंग करना कार्यक्रम की एक मुख्य रणनीति है, जो प्रतिस्पर्द्धी और सहकारी संघवाद की भावना पर आधारित है। यह पहला मौका है कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना की गई है।
- एबीपी के अलावा, अक्टूबर 2023 महीने के लिये एडीपी रैंकिंग की भी घोषणा की गई, जिसमें रायगड़ा (ओडिशा) और जमुई (बिहार) ने क्रमश: पहली और दूसरी रैंक हासिल की। एडीपी की विषयगत और समग्र श्रेणियों में शीर्ष रैंक पाने वालों को सम्मानित किया गया।
- विदित हो कि एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) 7 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था। एबीपी भारत के सबसे कठिन और अपेक्षाकृत अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये शासन में सुधार पर केंद्रित है। भारत के 27 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के 329 ज़िलों के 500 ब्लॉक इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

## 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### चर्चा में क्यों?

10 दिसंबर, 2023 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में बिहार के पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए और बैठक की मेज़बानी भी की।

#### प्रमुख बिंदु

- केंद्र सरकार के निर्देश पर पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की यह 5वीं बार बैठक हुई। इसके पूर्व 1958, 1963, 1985 और 2015 में बैठक हो चुकी है।
- इस बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मंत्री और वरीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए।
- विदित हो कि मुख्यमंत्री ने 28 फरवरी, 2020 में उड़ीसा में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में भाग लिया था।
- मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना करा ली है और इसके आँकड़ों को जारी किया है, जिसके अनुसार बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ 7 लाख 25 हज़ार 310 है, जिसमें 53 लाख 72 हज़ार 22 लोग बिहार के बाहर रह रहे हैं। 12 करोड़ 53 लाख 53 हज़ार राज्य में रह रहे हैं।
- जाति आधारित गणना में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा 36.01 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत की आबादी पाई गई है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके लिये कानून पारित हो गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये पूर्व से ही 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध है। सभी को मिलाकर कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जातियों में गरीब परिवार मिले हैं, जिनमें 25.09 प्रतिशत सामान्य वर्ग के, 33.16 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग के, 33.58 प्रतिशत अति पिछड़ा वर्ग के, 42.93 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 42.70 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग गरीब हैं। सभी वर्गों में गरीब परिवारों की कुल संख्या 94 लाख है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने के लिये इसके एक सदस्य को रोज़गार हेतु 2 लाख रुपए तक की सहायता की योजना बनाई गई है।
- जिन परिवारों के पास आवास/घर नहीं हैं, उन्हें जमीन खरीदने की राशि को 60 हज़ार से 1 लाख रुपए कर दिया गया है। मकान बनाने के लिये 1 लाख 20 हज़ार रुपए दिये जाएंगे।
- वर्ष 2018 से 'सतत् जीविकोपार्जन योजना' के तहत अत्यंत निर्धन परिवार को रोज़गार हेतु दी जा रही 1 लाख रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है।

नोट :







## मुख्यमंत्री ने बिहटा में 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' की इकाइयों का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना ज़िला के बिहटा के सिंकदपुर औद्योगिक क्षेत्र में 'प्लग एंड प्ले शेड' तथा 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' की इकाइयों का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/महिला/युवा उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को द्वितीय किस्त का चेक वितरण किया।
- इसके तहत मुख्यमंत्री ने भोजपुर इंटरप्राइजेज, आस्था टेस्सटाइल्स, प्रियंका इंटरप्राइजेज एवं आनंद इंटरप्राइजेज को 3-3 लाख रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

नोट :

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र परिसर में ही नवनिर्मित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का उद्घाटन किया।
- वर्ष 2011 में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की प्रथम इकाई हाजीपुर में स्थापित की गई थी और 12 दिसंबर, 2023 को दूसरी इकाई का उद्घाटन हुआ और उत्पादन कार्य भी शुरू हुआ।







नोट :

## मुख्यमंत्री ने किया केसरिया स्तूप के मार्गीय सुविधा केंद्र सह कैफेटेरिया का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चंपारण ज़िले के केसरिया स्तूप के मार्गीय सुविधा केंद्र सह कैफेटेरिया का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं केसरिया स्तूप के प्रागंण में पर्यटकीय सुविधा के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।





### प्रमुख बिंदु

- इस योजना की लागत राशि 6.90 करोड़ रुपए है। कैफेटेरिया के बन जाने से यहाँ आने वाले पर्यटकों को ठहरने में सुविधा होगी। केसरिया स्तूप के प्रागंण में पर्यटकीय सुविधा के विकास कार्यों की महत्त्वपूर्ण योजना की लागत 19.77 करोड़ रुपए है।
- यहाँ बौद्ध प्रतीक चिह्नों में विशिष्ट महत्त्व रखने वाले केसरिया स्तूप के पास ही उसकी एक प्रतिकृति का निर्माण किया जाएगा। इसमें मुख्य स्तूप के विलुप्त भाग संरचना में उकेरे जाएंगे।
- मुख्य संरचना के चारों ओर कुल आठ लघु प्रतिकृतियाँ बनाई जाएंगी, जिनमें विश्व शांति स्तूप, महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, अशोक स्तंभ वैशाली, विक्रमशिला, गुरूपा बोध स्थल, बराबर की गुफा एवं सुजाता स्तूप शामिल हैं।
- इसमें पर्यटकों को बौद्ध वास्तुकला की संपूर्ण झलक मिलेगी। स्तूप जैसी आकृति के अंदर 45 सीटों वाले सभागार का निर्माण भी किया जाएगा, जो ऑडियो-विजुअल सिस्टम से लैस होगा।
- इस संरचना में भगवान बुद्ध से संबंधित लघु वृतचित्र एवं प्रदर्शनी दिखाए जाने के लिये प्रदर्शनी हाल का भी प्रबंध किया गया है।
- इस योजना का कार्यान्वयन बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराया गया है। योजना के अंतर्गत टूरिस्ट विजिटिंग सेंटर एवं कैफेटेरिया भवन का निर्माण कराया गया है।

## मुख्यमंत्री ने पुनौराधाम परिसर के विकासात्मक कार्यों का किया शिलान्यास

### चर्चा में क्यों ?

13 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के सीतामढ़ी जिला के अंतर्गत पुनौराधाम मंदिर (माँ जानकी जन्म भूमि) परिसर के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।



### प्रमुख बिंदु

- पुनौराधाम, बिहार में रामायण सर्किट से जुड़े महत्त्वपूर्ण स्थलों में से एक है। पुनौराधाम मंदिर परिसर में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर लगभग 72.74 करोड़ रुपए व्यय होगा।
- इसके विकास हेतु पुनौराधाम मंदिर के चारों ओर एक छतदार परिक्रमा पथ का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बलुआ पत्थर का उपयोग कर उत्कृष्ट वास्तुकला का समावेश किया जाएगा।
- इस परिसर में पर्यटकों की सुविधाओं के लिये जानकी महोत्सव मैदान में वाहनों के लिये पार्किंग, आगंतुकों के लिये कैफेटेरिया, कियोस्क आदि सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।
- सीता वाटिका के समीप ध्यान लगाने के लिये शांति मंडप का निर्माण किया जाएगा। देवी सीता के जीवन वृतांत को दर्शाने वाला थ्रीडी एनिमेशन की व्यवस्था का भी प्रावधान है, जो पर्यटकों के लिये एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा।

## बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में 50,530 करोड़ रुपए के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

### चर्चा में क्यों ?

14 दिसंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023' के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की करीब 300 कंपनियों के साथ 50,530 करोड़ रुपए के सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।




### प्रमुख बिंदु

- बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 के दौरान अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी ने बताया कि बिहार में सीमेंट विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और कृषि उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में में 8,700 करोड़ रुपए का निवेश करने का फैसला लिया गया है। उनकी कंपनी यहाँ पहले ही 850 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है।
- बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 के दौरान जिन अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए उनमें 7,386.15 करोड़ रुपए का एमओयू भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, 5,230 करोड़ रुपए का पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड तथा 2,200 करोड़ रुपए का एमओयू होलटेक इंटरनेशनल इंक के साथ किया गया है।

नोट :

- इसके अलावा 2,000 करोड़ रुपए का समझौता इंडो यूरोपियन हार्ट हॉस्पिटल्स एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, 1,600 करोड़ रुपए का देव इंडिया प्रोजेक्ट, 1,000 करोड़ रुपए का स्टार सीमेंट, 1,000 करोड़ रुपए का अल्ट्राटेक सीमेंट, 1,000 करोड़ रुपए का जे.के. लक्ष्मी सीमेंट, 800 करोड़ रुपए का स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइसेज लिमिटेड, 674 करोड़ रुपए का वरुण बेवरेज तथा 650 करोड़ रुपए का श्रीसीमेंट के साथ किये गए हैं।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक पॉलिसी-2023 का लोकार्पण किया और साथ ही उद्योग विभाग के कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।
- विदित हो कि 14 दिसंबर, 2023 को ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान भवन में बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 के प्लेनरी सेशन का उद्घाटन किया था।



**बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023**

**टॉप 10 इन्वेस्टर्स**

| कंपनी का नाम | MoU साइन |
|---|---|
| अडाणी ग्रुप | 8700 करोड़ |
| भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड कंपनी | 7386 करोड़ रुपए |
| पटेल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेल | 5230 करोड़ रुपए |
| होटल लेक इंटरनेशनल | 2200 करोड़ रुपए |
| इंडो यूरोपियन हार्ट हॉस्पिटल | 2200 करोड़ रुपए |
| देव इंडिया प्रोजेक्ट | 1600 करोड़ रुपए |
| स्टार सीमेंट | 1000 करोड़ रुपए |
| लक्ष्मी सीमेंट | 1000 करोड़ रुपए |
| अल्ट्रा सीमेंट | 1000 करोड़ रुपए |
| स्प्रे इंजीनियरिंग डिवाइस लिमिटेड | 800 करोड़ रुपए |

नोट :

# बिहार में अब कॉमर्शियल वाहनों में डिवाइस लगाना हुआ अनिवार्य

## चर्चा में क्यों ?

17 दिसंबर 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में अब प्रत्येक कॉमर्शियल वाहनों में व्हीकल लोकशन ट्रैकिंग डिवाइस एवं इमरजेंसी बटन लगाना अनिवार्य हो गया है।

### प्रमुख बिंदु

- परिवहन विभाग के अनुसार राज्य में सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों में महिलाओं एवं यात्रियों की सुरक्षा के उद्देश्य से व्हीकल लोकशन ट्रैकिंग डिवाइस एवं इमरजेंसी बटन लगाना अनिवार्य किया गया है।
- इस डिवाइस के नहीं लगाये जाने पर परिवहन विभाग द्वारा वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं दिया जायेगा। साथ ही उस गाड़ी के मालिक पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया जायेगा।
- वर्तमान में पटना, गया, दरभंगा भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर में तेजी से लगाया जा रहा है क्योंकि इन शहरों में सार्वजनिक गाड़ी की संख्या अधिक है।
- यह एक ऐसा डिवाइस है, जिससे यह पता चल पायेगा कि वाहन किस जगह है। इससे परिवहन विभाग के कंट्रोल रूम में प्रत्येक वाहनों के लोकेशन की सही जानकारी मिल पायेगी।



# मुख्यमंत्री ने नवादा में गंगाजल आपूर्ति योजना का किया लोकार्पण

## चर्चा में क्यों ?

15 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नवादा ज़िला के कादिरगंज के पौरा गांव में गंगाजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 36 मिलियन लीटर क्लियर वाटर पंप हाऊस का उद्घाटन किया गया।

नोट :

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नवादा में हर घर तक गंगाजल को शुद्ध पेयजल पहुंचाने की शुरुआत भी किया गया।
- इस कार्यक्रम के दौरान गंगाजल आपूर्ति योजना पर आधारित एक लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुति दी गई।
- गंगाजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत एक मास्टर अंडरग्राउण्ड रिजर्वायर (MUGR) का निर्माण किया गया है। इस रिजर्वायर से सीधे बुडको के चार संप हाऊस में पानी भेजा जाएगा। इसके बाद संप हाऊस से पंप के माध्यम से पानी को 4 वाटर टैंकों में भेजा जाएगा। प्रत्येक वाटर टैंक की क्षमता लगभग साढ़े चार लाख लीटर है।
- गंगाजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 135 लीटर (8-9 बाल्टी) की दर से गंगाजल की आपूर्ति की जाएगी।
- गंगाजल आपूर्ति योजना के शुरू होने से नवादा शहर के लोगों के साथ-साथ होटल, धर्मशाला, शिक्षण संस्थान इत्यादि में भी पेयजल की आपूर्ति होगी।
- इसके साथ ही विद्युत आपूर्ति के लिए पौरा स्थित जल-शोधन संयंत्र के पास ही अलग से विद्युत सब-स्टेशन का भी निर्माण किया गया है।







नोट :

## बिहार में बनेगें तीन नए औद्योगिक क्षेत्र

### चर्चा में क्यों ?

17 दिसंबर 2023 को बिहार सरकार ने राज्य में तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण की घोषणा की है।





### प्रमुख बिंदु

- ये औद्योगिक क्षेत्र बिहार के गया, मुंगेर और नालंदा जिलों में स्थापित किये जाएंगे।

- इन औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के उद्योगों की स्थापना की जाएगी, जिनमें भारी उद्योग, मध्यम उद्योग और लघु उद्योग शामिल हैं।
- बिहार के गया ज़िले में बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र में 1670 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।
- बिहार के मुंगेर ज़िले में बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र में 1200 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।
- बिहार के नालंदा ज़िले में बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र में 1000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।
- इन औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण से राज्य में रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होगी तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## बिहार के सारण में डेढ़ करोड़ घरों को मिलेगा निशुल्क इंटरनेट कनेक्शन



### चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारत नेट उद्यमी योजना के तहत आप्टिकल फाइबर गेटवे से बिहार के सारण ज़िले का हर गांव और हर घर में ब्राडबैंड कनेक्शन लगेगा।

### प्रमुख बिंदु

- सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि सारण ज़िले के गांवों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए जिले में 105 किलोमीटर आप्टिकल फाइबर दोबारा बिछाया जा रहा है, जिसे मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
- सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि ब्राडबैंड कनेक्शन से ग्रामीण क्षेत्र सशक्त बनेंगे, लोग वैश्विक डाक्टरों की मदद से इलाज करा पाएंगे तथा परिवार बच्चों की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी पर पैसे बचा पाएंगे और गांव के बच्चे गांव में ही रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे।
- सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि द्रुत गति इंटरनेट में टेलीविजन, टेलीफोन, आइपैड, कंप्यूटर, डेस्कटाप सभी का एक साथ उपयोग किया जा सकेगा। इसके साथ ही घरों में अलग से फोन लगाने की जरूरत नहीं है क्योंकि नि:शुल्क कनेक्शन के साथ ही एक लैंड लाइन फोन भी लगाया जाएगा।
- विदित हो कि सांसद राजीव प्रताप रूडी ने सारण ज़िले में इंटरनेट कनेक्शन के लिए पहले ही अभियान चलाये थे। इस अभियान में गुलाबी रंग के फार्म के माध्यम से लोगों को इंटरनेट का नि:शुल्क कनेक्शन दिया जा रहा है। इसमें 999 रुपये का छह माह का प्लान दिया जा रहा है।



## बासुकीनाथ झा को मिला साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023

### चर्चा में क्यों ?



21 दिसम्बर 2023 को साहित्य अकादमी द्वारा मैथिली भाषा के रचनाकार बासुकीनाथ झा को वर्ष 2023 का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- मैथिली साहित्यकार बासुकीनाथ झा को उनके मैथिली निबंध संग्रह "बोध-संकेतन" के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 प्रदान किया गया है।
- मैथिली साहित्यकार बासुकीनाथ झा बिहार के समस्तीपुर जिला के निवासी है।
- मैथिली साहित्यकार बासुकीनाथ झा मैथिली भाषा में विद्यापति काव्य लोचन ( शास्त्रीय समालोचना), अनुशीलन-अवबोध (समालोचनात्मक शोध व निबंध संग्रह), परिवह (आधुनिक समालोचनात्मक निबंध संग्रह), बोध संकेतन (विभिन्न लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तक की भूमिका संग्रह), वास्तुवाची संकेतन (साहितियक प्रवृत्तिमूलक निबंध संग्रह), व्यक्तिवाची संकेतन (व्यक्तित्व आधारित निबंध संग्रह), मैथिली साहित्यक रूपरेखा ( भाग एक और दो), उपन्यास और सामाजिक चेतना सहित अनेक किताबें लिख चुके हैं।
- मैथिली साहित्यकार बासुकीनाथ झा को उनकी रचना के लिए राज्य सरकार की ओर से ग्रियर्सन पुरस्कार, हिंदी सम्मेलन में सहस्राब्दी सम्मान, विद्यापति सेवा संस्थान की ओर से मिथिला विभूति सम्मान, साहित्यकार संसद की ओर से राष्ट्रीय शिखर साहित्य सम्मान समेत अनेक पुरस्कार प्रदान किया गया हैं।

## मुख्यमंत्री ने बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

21 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन दिवसीय बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो-2023 का उद्घाटन किया।




### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम में 239.96 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित कॉम्फेड, पटना के पाँच डेयरी संयंत्रों, 72.76 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित कॉम्फेड, पटना के अन्य उपस्करों का उद्घाटन किया।

नोट :

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, किशनगंज का शुभारंभ किया गया।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कॉम्फेड, पटना के पांच नए उत्पादों मिठाईयाँ, नमकीन, कुकीज, ब्रेड एवं पेयजल (सुधा सलिल) का लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य सरकार एवं दुग्ध संघों को 10.50 करोड रुपये के लाभांश वितरण से संबंधित चेक प्रदान किया जिसमें राज्य सरकार को 5.76 करोड़ रुपये एवं दुग्ध संघ को 4.74 करोड़ रुपये वितरित किये जायेंगे।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार वेटनरी कॉलेज, पटना के निकट स्थित परिसर में 4.31 करोड़ रुपये की लागत से कॉम्फेड के कार्यालय परिसर में निर्मित होने वाले नए कार्यालय भवन एवं मत्स्य अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र तथा पटना में 54.35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मत्स्य विकास भवन का शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का पशु पोषण ऐप लॉंच किया।

## 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 की हुई घोषणा

### चर्चा में क्यों ?

23 दिसंबर 2023 को मुंबई के कांदिवली में हुए समारोह 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 की घोषणा की गई है|

### प्रमुख बिंदु

- 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 में अभिनेता अरविंद अकेला उर्फ़ कल्लू को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के अवार्ड से नवाजा गया|
- 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 में अभिनेत्री आम्रपाली दुबे को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवार्ड से सम्मानित किया गया|
- इसके साथ ही प्रमोद शास्त्री सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और रंजन सिन्हा सर्वश्रेठ पी आर ओ बने|
- 18वें भोजपुरी फिल्म अवॉड्र्स 2023 में आगत अतिथियों द्वारा कुल 20 कटेगरी में कलाकारों और तकनीशियन को अवार्ड से सम्मानित किया गया|
- विदित हो कि वर्ष 2005 में भोजपुरी फिल्म अवार्ड की शुरुआत की गई थी|

## नई पर्यटन नीति

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में बिहार कैबिनेट ने पर्यटन के क्षेत्र में आधारभूत संरचनागत समग्र समावेशी विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन के लिये बिहार पर्यटन नीति 2023 को स्वीकृति दे दी है।

मुख्य बिंदु:

- इस नीति का उद्देश्य राज्य में पर्यटन स्थलों के पास मूलभूत बुनियादी ढाँचे का विकास करने तथा हितधारकों के लिये प्रावधान भी शामिल हैं।
- नई नीति में निवेशकों के लिये कई वित्तीय प्रोत्साहन शामिल हैं–
  - 10 करोड़ रुपए तक के निवेश के लिये 30% की सब्सिडी।
  - 50 करोड़ रुपए तक के निवेश के लिये 25%।
  - 50 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर 25% (अधिकतम सीमा 25 करोड़ रुपए) ।
  - भूमि के पट्टे, बिक्री, हस्तांतरण में स्टांप शुल्क तथा पंजीकरण शुल्क पर एक मुश्त 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की सुविधा।
  - 5 वर्ष तक वाणिज्यिक संचालन पर वस्तु और सेवा कर (GST) की 80% प्रतिपूर्ति।
  - नई पर्यटन इकाइयों के लिये 5 वर्षों तक विद्युत शुल्क की 100% प्रतिपूर्ति।
  - सूचीबद्ध होटल, रिसार्ट, टूर ऑपरेटर को पर्यटक गाइडों को रोज़गार प्रदान करने के लिये भी प्रतिपूर्ति दी जाएगी।
  - किसी अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एजेंसी से हरित प्रामाणीकरण प्राप्त करने पर 10 लाख रुपए तक की सहायता प्रदान की जाएगी।

- वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने पर 50 प्रतिशत, दो वर्ष पूरा होने पर 25 प्रतिशत तथा पाँच वर्ष होने पर 25 प्रतिशत अनुदान के रूप में दिया जाएगा।
- गया में विष्णुपद मंदिर के पास शेड और बस डिपो के साथ वैकल्पिक पहुँच पथ के निर्माण के लिये 62 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत की गई है।

बिहार में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल: बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर, राजगीर में विश्व शांति स्तूप, नालंदा, प्राचीन शहर पाटलिपुत्र, पश्चिम चंपारण में वाल्मिकी नगर टाइगर रिज़र्व आदि।

## बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बिहार और उत्तर-पूर्व में 5,500 करोड़ रुपए से अधिक की बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को मंज़ूरी प्रदान की गई है।

- आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने त्रिपुरा में खोवाई से हरिना तक राष्ट्रीय राजमार्ग तक 135 किमी. लंबी सड़क को पक्का और दो लेन करने तथा उसके सुधार एवं चौड़ीकरण के लिये 2,486.78 करोड़ की परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है।

नोट: CCEA ने वर्ष 2024 के लिये खोपरा हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को भी मंज़ूरी प्रदान की है।

मुख्य बिंदु:

- बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने वाले गंगा पर 4.56 किमी. लंबे छह लेन पुल को कैबिनेट ने मंज़ूरी दे दी।
- पटना ज़िले में दीघा और सारण ज़िले में सोनपुर, वर्तमान में एक रेल-सह-सड़क पुल से जुड़े हुए हैं जिसका उपयोग केवल हल्के वाहनों द्वारा किया जा सकता है।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री के अनुसार, नया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ेगा तथा भारी वाहनों द्वारा परिवहन की अनुमति प्रदान करेगा।
- इस परियोजना, जिससे वैशाली जैसे बौद्ध तीर्थस्थलों के लिये कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा, को पूरा होने में 42 महीने लगेंगे।

## अवैध रेत खनन

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में बिहार पुलिस ने अवैध रेत खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत तस्करों को गिरफ्तार किया था।

- सोन नदी के पास यह ऑपरेशन अवैध रेत खनन गतिविधियों में शामिल शक्तिशाली आपराधिक सिंडिकेट के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

मुख्य बिंदु:

- भारत में रेत खनन को रोकने की पहल में खान और खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम, 1957 (MMDR अधिनियम), 2006 पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA), सतत रेत खनन प्रबंधन दिशानिर्देश (SSMG) 2016, तथा रेत खनन हेतु प्रवर्तन और निगरानी दिशानिर्देश 2020 शामिल हैं।
- सोन नदी, मध्य भारत की एक चिरस्थायी नदी है और गंगा की दूसरी सबसे बड़ी दक्षिणी सहायक नदी है।
- छत्तीसगढ़ में अमरकंटक पहाड़ी के पास से निकलकर, यह छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार से होकर बहती है तथा अमरकंटक पठार पर जलप्रपात बनाती है।
    - यह बिहार के पटना के निकट गंगा में मिल जाती है।
- सहायक नदियों में घाघर, जोहिला, छोटी महानदी, बनास, गोपद, रिहंद, कन्हर और उत्तरी कोएल नदी शामिल हैं।
- प्रमुख बाँधों में मध्य प्रदेश में बाणसागर बाँध और उत्तर प्रदेश में पिपरी के पास रिहंद बाँध शामिल हैं।




## वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या में वृद्धि


### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने आधिकारिक तौर पर वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व (VTR) में बाघों की आबादी में वृद्धि की घोषणा की।

- इसमें बड़ी बिल्लियों की संख्या में 31 (वर्ष 2018) से 54 (वर्ष 2023) तक की वृद्धि देखी गई।
    - बिहार सरकार कैमूर वन्यजीव अभयारण्य को VTR के बाद राज्य का दूसरा व्याघ्र अभयारण्य घोषित करने के लिये NTCA की मंज़ूरी मिलने का इंतज़ार कर रही है।

मुख्य बिंदु:

- VTR बिहार का एकमात्र बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व है, जो भारत में हिमालय के तराई वनों की सबसे पूर्वी सीमा का निर्माण करता है।
    - VTR बिहार के पश्चिम चंपारण ज़िले में स्थित है जो उत्तर में नेपाल तथा पश्चिम में उत्तर प्रदेश के साथ सीमा साझा करता है।
- गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्र में स्थित इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति भाबर तथा तराई क्षेत्रों का संयोजन है।
- भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, इसके कुल क्षेत्रफल का 85.71% भाग वनाच्छादित है।
- वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व के वनों में पाए जाने वाले वन्य स्तनधारियों में बाघ, स्लॉथ भालू, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, बाइसन, जंगली सूअर आदि शामिल हैं।
- गंडक, पंडई, मनोर, हरहा, मसान तथा भपसा नदियाँ इस अभ्यारण्य के विभिन्न हिस्सों से प्रवाहित होती हैं।


1 Valmiki NP 335.65
2 Barela S.A.Z.S. WLS 1.96
3 Bhimbandh WLS 681.99
4 Gautam Budha WLS 138.34
5 Kanwarjheel WLS 63.11
6 Kaimur WLS 1342.00
7 Kusheshwar Sthan WLS 29.17
8 Nagi Dam WLS 1.92
9 Nakti Dam WLS 3.33
10 Pant (Rajgir) WLS 35.84
11 Udaypur WLS 8.87
12 Valmiki WLS 545.15
13 Vikramshila Gangetic Dolphin WLS 50.00
PASHCHIM CHAMPARAN
PURBA CHAMPARAN
SITAMARHI
MADHUBANI
GOPALGANJ
SAHARSA
PURNIA
SIWAN
MUZAFFARPUR
DARBHANGA
MADHEPURA
CHHAPRA
SAMASTIPUR
VAISHALI
KATIHAR
KHAGARIA
BEGUSARAI
BHOJPUR
PATNA
DISPUTED
NALANDA
BHAGALPUR
MUNGER
ROHTAS
AURANGABAD
GAYA
NAWADA
N
0 20 40 80 km
भारतीय वन्यजीव संस्थान
Wildlife Institute of India
IT and RS & GIS Cell-2015

नोट :